## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–31.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम, देश और विदेश के लोगों से साझा करेंगे अपने विचार ।**
2. **सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा के गणित और विज्ञान विषय का संशोधित परिणाम जारी, एक हजार चार सौ चौवन अभ्यर्थी सफल, मुख्यमंत्री दो सितंबर को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।**
3. **जामताड़ा जिले में जंगल से 3 साइबर अपराधी गिरफ्तार, फर्जी चालान का लिंक भेजकर करते थे ठगी, यूपी,पश्चिम बंगाल और बिहार में थे सक्रिय**
4. **सब जूनियर नेशनल गर्ल्स फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड की टीम बनी चैंपियन, मणिपुर को 3–2 से हराकर जीता खिताब।**
5. **और राज्य के कई हिस्सों में अगले चार दिनों तक तेज हवा , बारिश और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।**

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट तथा न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण होगा।

**********************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सिर्फ़ एक विकल्प नहीं, बल्कि अस्तित्व और प्रगति का आधार है। उन्होंने कल नई दिल्ली में एक रक्षा सम्मेलन में कहा कि आत्मनिर्भर भारत अपनी सामरिक स्वायत्तता की रक्षा कर सकता है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में श्री सिंह ने कहा कि यह ऑपरेशन देश की बढ़ती स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

**********************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने देर रात सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचाय के गणित और विज्ञान विषय का संशोधित परिणाम जारी कर दिया। इसमें कुल 1 हजार 454 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। पूर्व में जारी परिणाम की तुलना में संशोधित परिणाम में 229 अभ्यर्थी कम सफल हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दो सितंबर को विज्ञान–गणित के नवचयनित स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचायों को नियुक्ति पत्र सौंपेगे।

**********************

खूंटी जिले में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में जोहार अंतिम यात्रा की तैयारी को लेकर झामुमो ने जिला कार्यालय में बैठक की। इसमें खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा, तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, तमाड़ विधायक प्रतिनिधि समेत जिला और प्रखंड स्तरीय कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा ने बताया कि जिला और प्रखंड स्तरीय झामुमो के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई कि पार्टी की ओर से मिलने वाली एलईडी वाहन के माध्यम में प्रत्येक पंचायत में गांव गांव तक शिबू सोरेन की उपलब्धियों और आदर्शों को पहुंचाया जाएगा।

**********************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने रांची में 2200 बेड का विश्व–स्तरीय किडनी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल स्थापित करने की घोषणा की है। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए इसकी जानकारी दी।उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण सहित सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

**********************

जामताड़ा जिले में पुलिस ने कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के जंगल से 3 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर डीएसपी चंद्रशेखर ने बताया कि इनके पास से 9 मोबाइल , 10 सिम कार्ड और कई एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं। ये फर्जी चालान का लिंक भेजकर लोगों को अपना शिकार बनाते थे।

**********************

जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने पलामू जिले में मेदिनीनगर सेंट्रल जेल का कल औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक की । उन्होंने बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। मीडिया से बात करते हुए जेल आईजी ने बताया कि जेल में अभी कई कुख्यात अपराधी बंद हैं। इस दौरान गुटबाजी न हो इसको रोकने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। श्री मंडल ने बताया कि मॉडर्न जेल मैनुअल के अनुसार मेदिनीनगर सेंट्रल जेल के लिए 50 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। इस दिशा में जेल परिसर का विस्तार करने की योजना बनाई गई है।

**********************

जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा गढ़वा में कल मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 205 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया

**********************

जम्मू मंडल के अंतर्गत कठुआ – माधोपुर पंजाब रेलखंड पर ट्रेनों के परिचालन निलंबन की वजह से रेल परिचालन प्रभावित हुआ है । आज जम्मू तवी – सम्बलपुर एक्सप्रेस, और टाटानगर जम्मू तवी एक्सप्रेस वाया मूरी), यात्रा लिंक रेक अनुपलब्ध होने की वजह से रद्द रहेगी

**********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार खेलों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कल भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त खिलाड़ी वाइचुंग भूटिया ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच झारखंड में खेल विशेषकर फुटबॉल के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा खेल अवसंरचना को मजबूत बनाने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

**********************

## और अब खेल जगत की कुछ खबरें

असम के जोरहाट में खेले गए सब जूनियर नेशनल गर्ल्स फुटबॉल चैंपियनशिप में झारखंड ने चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया है । खेले गए बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में झारखंड ने मणिपुर को 3–2 से हराकर ट्राफी अपने नाम किया। झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन और रांची फुटबॉल संघ ने जीत पर टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है.

**********************

डीपीएस आरके पुरम के स्टेडियम में बॉलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में कुल 8 खिलाड़ियों में से 5 खिलाड़ी झारखंड से चुने गए हैं। ये खिलाड़ी दो बड़े अंतरराष्ट्रीय लॉन बाउल्स चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। वर्ल्ड कप के लिए झारखंड से दिनेश कुमार और रूपा रानी तिर्की का चयन किया गया वही हांगकांग क्लासिक इंटरनेशनल के लिए झारखंड से प्रिंस कुमार महतो, सुनील बहादुर और रेशमा कुमारी चयनित हुए ।

**********************

राज्य के कई हिस्सों में अगले चार दिनों तक तेज हवा , बारिश और वज्रपात की चेतावनी की गई है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया।

**************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर आदिवासी भूमि खरीदने के मामले में पूर्व मंत्री एनोस एक्का समेत सभी 9 दोषियों को कारावास की सजा की खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक जागरण के शब्द हैं**–पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस और पत्नी मेनन एक्का को सात वर्ष का कारावास

**दैनिक भास्कर की सुर्खी है**–एससीओ समिट : चीन से सीमा विवाद के हल का फ्रेमवर्क तैयार।

**हिन्दुस्तान ने लिखा है**–खूंटी– पलामू में बालू घाटों की नीलामी का टेंडर निकाला ।

**प्रभात खबर ने** लिखा है–सीएम से मिले बाईचुंग भाटिया, खिलाड़ियों का करेंगे मार्गदर्शन।

***********समाप्त**************